माउण्ट आबू प्रवास के दौरान गुजरात के पूर्व उपमुख्यमंत्री नरहरी अमीन पटेल ने कहा...

# सार्वभौमिक धर्म के नए युग का सूत्रपात यहाँ



ईश्वरीय ज्ञान चर्चा के पश्चात् परिजनों के साथ नरहरी अमीन पटेल, श्रीमति पटेल, ब्र.कु. चन्द्रिका दीदी, ब्र.कु. शशिप्रभा दीदी, ब्र.कु. शीलू दीदी, ब्र.कु. डॉ. प्रताप मिड्ढा, ब्र.कु. गंगाधर, ब्र.कु. शशिकांत तथा अन्य।

**माउण्ट आबू-पांडव भवन। गुजरात के पूर्व उपमुख्यमंत्री, राज्यसभा सदस्य नरहरी अमीन पटेल** ने कहा कि ब्रह्माकुमारी संगठन के संस्थापक ब्रह्माबाबा ने जो ज्ञान दिया वह मानव मात्र को आलोकित करने में सक्षम है। यहां चित्र के स्थान पर चरित्र, व्यक्ति के स्थान पर व्यक्तित्व की उपासना होती है, जो अपने आप में अनुकरणीय है। वास्तविक अर्थ में धर्म संयम, सदाचार, शाकाहार, वसुधैव कुटुम्बकम की शिक्षा देते हुए आत्मभाव उत्पन्न करता है। धर्म को बिना किसी द्वेष-भाव व आडंबर के मंदिर, मस्जिदों के बाहर लाकर एक सार्वभौम क्षेत्र में लाने का जो इतिहास रचकर नए युग का सूत्रपात यहाँ देखा गया है वो भी अद्भुत ही नहीं अनुकरणीय भी है। माउंट आबू प्रवास के दौरान ब्रह्माकुमारीज़ के अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय पाण्डव भवन में उन्होंने अपने ये विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की साख को फिर से विश्व में कारगर तरीके से स्थापित करने के लिए ब्रह्माकुमारी संगठन की ओर से किए जा रहे प्रयास सार्थक सिद्ध हो रहे हैं। **ब्रह्माकुमारीज़ की सह प्रशासिका ब्र.कु. शशि दीदी** ने कहा कि जीवन में स्थाई सुख-शांति के लिए मन का पालन-पोषण श्रेष्ठ विचारों से किया जाना चाहिए। **शिक्षा प्रभाग उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ राजयोग प्रशिक्षिका ब्र.कु. शीलू दीदी** ने कहा कि पवित्रता के बिना चेतना की अनुभूति व अध्यात्म की गहराई को नहीं समझा जा सकता। इस मौके पर **ग्लोबल अस्पताल निदेशक डॉ. प्रताप मिड्ढा** ने भी अपने विचार सभी के समक्ष रखे।

### शांति स्तंभ पर चढ़ाए फूल, ध्यान भी किया

**इस मौके पर राज्यसभा सदस्य नरहरी अमीन पटेल ने अपने परिजनों के साथ ब्रह्माकुमारी संगठन के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा बाबा की स्मृति में बने शांति स्तंभ पर पुष्प अर्पित कर वहाँ पर विश्व कल्याण के कार्य के लिए अंकित महावाक्यों की जानकारी ली तथा ध्यान किया। ब्रह्मा बाबा के कमरे, तपस्यास्थली कुटिया, साधना कक्ष हिस्ट्री हॉल का अवलोकन करते हुए संस्थान की विश्वव्यापी गतिविधियों की जानकारी ली।**

# मन व तन दोनों को शक्तिशाली बनाता है राजयोग : सिंहदेव

**अम्बिकापुर-छ.ग.।** स्थानीय सेवाकेन्द्र में आगमन पर आयोजित कार्यक्रम में **माननीय कैबिनेट मंत्री टी.एस. सिंहदेव, स्वास्थ्य एवं पंचायत विभाग,छ.ग. शासन** ने कहा कि वर्तमान समय चल रहे इस कोरोना महामारी के दौर में हर व्यक्ति डरा हुआ, चिंतित है। ऐसे समय में मनोवैज्ञानिक संतुलन बनाये रखना इस बीमारी के इलाज का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने अपने अनुभव से बताया कि इस परिस्थिति में मन का संतुलन बनाये रखने के लिए योग करना बहुत कारगर उपाय है। योग या राजयोग विधि के द्वारा हम जो मानसिक शांति प्राप्त करते हैं वो मन की शक्ति तन को भी शक्तिशाली बना देती है। इसी योग विधि द्वारा इस समस्या पर बहुत हद तक काबू पाया जा सकता है। **सरगुजा संभाग की सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. विद्या दीदी** ने बताया कि राजयोग के निरंतर अभ्यास से हमारे अंदर एक सकारात्मक भाव उत्पन्न होता है और सकारात्मक ऊर्जा में हीलिंग एनर्जी होती है। जिससे किसी भी तरह के मन के रोग या तन के रोग से काफी हद तक मुक्ति पायी जा सकती है। मौके पर माननीय मंत्री एवं उनके साथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित किया गया। विनोद जी,निजी सचिव, जे.पी. श्रीवास्तव,प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष, द्वितेन्द्र मिश्रा,प्रदेश कांग्रेस महासचिव सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# 'स्वास्थ्य' मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी



**कादमा-हरियाणा।** ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्र में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का उद्घाटन करने के पश्चात् **झोझू-कादमा क्षेत्र संचालिका ब्र.कु. वसुधा बहन** ने कहा कि एक स्वस्थ मनुष्य ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है। स्वास्थ्य मनुष्य की सबसे बड़ी पूंजी है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन वास करता है, जिससे उसकी सोच सकारात्मक होती है और सकारात्मकता से ही समाज का सही विकास हो सकता है। इस मौके पर जी.के. सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल दादरी के डॉक्टर्स ने सेवायें प्रदान कीं। **डॉ. गौरव कालरा,न्यूरो सर्जन एवं डॉ. कृष्ण कन्हैया,मेडिसिन** ने लोगों के स्वास्थ्य की जाँच की जिसमें अस्थमा, दमा व मौसमी बीमारी का चेकअप किया गया और उन्हें व्यसन, धूल-मिट्टी आदि से बचने की सलाह दी गई। उन्होंने हार्ट पेशेन्ट्स को डाइट चार्ट के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. कृष्ण ने स्वस्थ रहने के लिए सैर करने तथा हल्की एक्सरसाइज़ करने को कहा। डॉ. सुभाष ने लोगों को मेडिटेशन व नियमित एक्सरसाइज़ करने के लिए कहा। इस अवसर पर 95 लोगों की स्वास्थ्य जाँच के साथ-साथ निःशुल्क शुगर व ईसीजी की जाँच की गई तथा निःशुल्क दवाइयां दी गईं। **ब्र.कु. ज्योति बहन** ने कहा कि ज़्यादातर बीमारियाँ हमारे मन में उपजती हैं, अतः मन को सकारात्मक दिशा देने के लिए हमें हर रोज़ मेडिटेशन की आवश्यकता है। शिविर में मनीषा, सीमा स्टाफ नर्स के साथ दीपक, नितिन का विशेष सहयोग रहा। मौके पर श्री राधा कृष्ण गौशाला अध्यक्ष सेठ पवन रामप्रताप कादमावाला, सतवीर शर्मा, कमल सिंह, कृष्ण कुमार, रामेश्वर, ईश्वर सिंह मैनेजर आदि उपस्थित रहे।

# कारगर है 'ज़ीरो ब्लैकआउट सॉल्यूशन'

**ओ.आर.सी.-गुरुग्राम।** भारत की पहली मेगा वाट स्केल हाइब्रिड एनर्जी स्टोरेज परियोजना के अनावरण के पश्चात् **ब्रह्माकुमारीज़ के अतिरिक्त महासचिव ब्र.कु. सी.ए. बृजमोहन** ने कहा कि विज़न मेक्ट्रोनिक्स ने ब्रह्माकुमारीज़ को यह ज़ीरो ब्लैकआउट सॉल्यूशन पेश किया जिसे रिट्रीट सेंटर ने एक विकल्प के रूप में चुना है, जो लंबी अवधि के लिए नई-नई लिथियम बैटरी के साथ मौजूदा पुरानी बैटरी का उपयोग करते हुए ग्रिड के विफल होने पर एक सुचारु पावर ट्रांज़ीशन को सुनिश्चित करता है। **ओ.आर.सी. निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. आशा दीदी** ने कहा कि यह अनूठी परियोजना परिसर में बहुत अधिक मूल्य जोड़ेगी और हमें समाज को व्यापक और निर्बाध सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। इसके तहत हम शांतिपूर्वक और प्रकृति के साथ एक स्थायी तरीके से सद्भाव में रह सकते हैं। **डॉ. राशि गुप्ता,प्रबंध निदेशक,विज़न मेक्ट्रोनिक्स,**जिन्हें प्यार से 'भारत की बैटरीवाली' के रूप में जाना जाता है ने कहा कि इस ऊर्जा भंडारण प्रणाली के उपयोग ने यह सुनिश्चित किया है कि ग्रिड समता पर ऊर्जा की लागत प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त आवश्यकता के समय मौजूदा संसाधनों का अधिकतम उपयोग हो। मौके पर संस्थान के वरिष्ठ भाई-बहनों सहित के.एस. पोपली,कंसलटेंट टू इंटरनेशनल सोलर अलायंस,ब्र.कु. टी.के. सिंह,डायरेक्टर, इलेक्ट्रोमेक कंट्रोल्स,ई.एम.सी., टोबियास विंटर, डायरेक्टर एट इंडो जर्मन एनर्जी फोरम एस.ओ., डोइचे,जी.आई.ज़ेड,जी.एम.बी.एच., सुब्रमण्यम पुलिपका,सी.ई.ओ.,एन.एस.ई.एफ.आई.,रेजी पिल्लई व अध्यक्ष,इंडिया स्मार्ट ग्रिड फोरम आदि गणमान्य ऑनलाइन व ऑफलाइन उपस्थित रहे।



# डॉक्टर्स डे पर 'डॉक्टर्स' का हुआ सम्मान

### ब्रह्माकुमारीज़ ने जन सेवा हेतु जीवन की आहुति देने वाले डॉक्टर्स को दी श्रद्धांजलि

**इंदौर-प्रेम नगर(म.प्र.)।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर स्थानीय ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्र पर डॉक्टर्स के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में **पश्चिम क्षेत्र की मुख्य संचालिका ब्र.कु. शशि दीदी** ने कहा कि जब हम अपने घरों में सुरक्षित रूप से बंद होकर बैठे थे, तब यह डॉक्टर्स और स्वास्थ्य कर्मी अपने घरों से बाहर आकर, अपने परिवार के लोगों को छोड़कर हमारे परिवार के लोगों को बचाने में अपना योगदान दे रहे थे और कई डॉक्टर्स ने तो दूसरों की जान बचाते अपनी जान की भी आहुति दे दी। दीदी ने सभी डॉक्टर्स का कोरोना महामारी में अथक सेवाओं के लिए आभार माना व जान गंवाने वाले डॉक्टर्स को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर **डॉ. रशिदा कापड़िया,स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं प्रसूति चिकित्सक** ने बताया कि संतुलित आहार एवं नियमित व्यायाम हमारे शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। उन्होंने मन को सदा खुश रखने के लिए प्रैक्टिकल टिप्स दिए। **डॉ. अंतिम के. जैन,डिप्लोमा इन एक्यूप्रेशर/एक्यूपंचर,एमएससी इन योगा,एक्सटर्नल थैरेपिस्ट,एम.डी. ई.एच.,योगा एंड नेचरोपैथी स्पेशलिस्ट** ने एक्यूप्रेशर के प्रैक्टिकल टिप्स देते हुए इससे दिमाग को कैसे सशक्त बनायें ये बताया। साथ ही उन्होंने तनाव मुक्त रहने के लिए राजयोग मेडिटेशन सीखने के लिए सबका आह्वान किया क्योंकि मेडिटेशन से हमारी विल पावर बढ़ती है। **चन्दन मेलवानी,सॉफ्टवेयर इंजीनियर** ने सभी को राजयोग मेडिटेशन द्वारा गहन शांति की अनुभूति कराई। **ब्र.कु. यशिवनी दीदी** ने सभी को शॉल, श्रीफल एवं गुलदस्ता भेंट कर स्वागत व सम्मानित किया तथा मंच का संचालन **ब्र.कु. शारदा दीदी** ने किया।



RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 12th Aug, 2021
स्वामी - राजयोगा एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन, प्रकाशक एवं सम्पादक - गंगाधर नरसिंघानी, मुद्रक - डी.बी. कॉर्प.लि. द्वारा भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस, डी.बी. कॉर्प.लि.,शिवदासपुरा, टोंक रोड,जयपुर से मुद्रित एवं ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन, आबू रोड(राज.)- 307510
See Latest News - www.omshantimedia.org